# हीवेट पॉलीटेक्निक, महानगर, लखनऊ

## कार्यालय–ज्ञाप

पत्रांकः– एच0 पी0 / 2022–23 / रैगिंग /                              लखनऊ दिनांक :–

निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर के पत्रांक– 8948 / जे–109–प्रशा0 (एन्टी रैगिंग) कानपुर दिनांक 20.06.2017 एवं संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा (म0क्षे0), लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुसार तथा माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों एंव रैगिंग प्रतिषेध अधिनियंम–2009 (सं0–37–3 / Legal/AICTE/2009 Dated 01-07-2009) के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु संस्था के शिक्षकों का, सप्ताह के प्रत्येक दिन, परिसर एवं आस–पास के क्षेत्र में कड़ी निगरानी एवं दोषियों को रंगे हाथ पकड़ने की दृष्टि से निम्नलिखित निर्देशों के साथ दिवस वार **''एन्टी रैगिंग स्क्वायड''** तैनात किया जाता है जो कि एन्टी रैगिंग स्क्वायड / प्रॉक्टोरियल बोर्ड के उस दिवस के लिए सदस्य होगें।

1. प्रत्येक ग्रुप प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक संस्था परिसर (छात्रावास भवन, कारीडोर, कैन्टीन, सभी भवनों के प्रत्येक फ्लोर, सभी ब्लॉक, पुस्तकालय, प्रवेश द्वार) छात्रावासों एव रहीमनगर चौराहा तक छात्रों की गतिविधियों पर कडी नजर रखेगा। विशेष रुप से प्रथम वर्ष के छात्रों के आते समय, मध्यावकाश एवं जाते समय विशेष सावधानी रखेगा ।
2. सम्बन्धित ग्रुप सायं 07:30 बजे के पश्चात् छात्रावास का निरीक्षण करेगें एंव विजिटिंग रजिस्टर पर हस्ताक्षर करेगें। विजिटिंग रजिस्टर पर हस्ताक्षर न होने पर अगले दिन छात्रावास अधीक्षक अधोहस्ताक्षरी को इसकी सूचना देगें ।
3. प्रत्येक ग्रुप के सदस्य अपने ग्रुप इंचार्ज के साथ पूरे ताल–मेल के साथ अपने कार्य को सही ढंग से कियान्वित करेगें ।
4. यदि कोई ग्रुप इंचार्ज अथवा सदस्य अवकाश पर जाता है तो इसकी सूचना अपने ग्रुप सदस्यों / इंचार्ज / प्रधानाचार्य को देना सुनिश्चित करें ।
5. दोषी छात्रों की लिखित सूचना एन्टी रैगिंग स्क्वायड कोआर्डीनेटर / प्रॉक्टर के माध्यम से प्रधानाचार्य को देनी होगी। दिवसवार लगाये गये फैकेल्टी को उस दिन शिक्षण–प्रशिक्षण कार्य से मुक्त रखा गया है ताकि रैगिंग रोकथाम में प्रभावी कार्यवाही कर सकें।

6. छात्रावास में आकस्मिक निरीक्षण कमेटी एवं प्रत्येक दिवस को रात्रि विजिट करने वाले अध्यापकों की टीम कुछ समय छात्रावास में व्यतीत करें एवं छात्रावास के छात्रों से संवाद स्थापित करें ।

7. प्रथम वर्ष के छात्रों का प्रवेश शीघ्र ही प्रारम्भ होने वाला है तथा कक्षायें दिनांक 15.09.2022 से प्रारम्भ होगी। अतः उपरोक्त व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू मानी जायेगी।

# एन्टी रैगिंग स्क्वायड के सदस्यों की सूची

| कमांक | दिन | ग्रुप | इंचार्ज / सदस्य |
|---|---|---|---|
| 1. | सोमवार | श्री सुनील कुमार, वरिष्ठ प्रवक्ता–सिविल इंजी0 | इंचार्ज |
| | | श्री विकास सक्सेना, कम्प्यूटर प्रोग्रामर / अनु0 कम्प्यू0 | सदस्य |
| 2. | मंगलवार | श्री संदीप कुमार, प्रवक्ता–इलेक्ट्रिकल इंजी0 | इंचार्ज |
| | | श्री देवकी नन्दन शुक्ला, प्रवक्ता–CS&E (अनुबन्ध) | सदस्य |
| 3. | बुधवार | डा0 फातिमा यास्मीन, प्रवक्ता–इलेक्ट्रिकल इंजी0 | इंचार्ज |
| | | श्री दयानन्द राम, कार्यशाला अनुदेशक | सदस्य |
| 4. | गुरुवार | श्री विशाल शुक्ला, प्रवक्ता–मैकेनिकल इंजी0 | इंचार्ज |
| | | श्री आलोक वर्मा, प्रवक्ता–इलेक्ट्रिकल इंजी0 | सदस्य |
| 5. | शुकवार | श्री दिलीप कुमार, प्रवक्ता–सिविल इंजी0 | इंचार्ज |
| | | मो0 हारिस सिद्दीकी, कार्यशाला अनुदेशक | सदस्य |
| 6. | शनिवार | श्री राकेश चन्द्र, प्रवक्ता–मैकेनिकल इंजी0 | इंचार्ज |
| | | श्री एस0 एन0 विश्वकर्मा, कार्यशाला अनुदेशक | सदस्य |
| 7. | रविवार | श्री दिनेश कुमार, प्रवक्ता–गणित | इंचार्ज |
| | | श्रीमती सुरूचि मिश्रा, प्रवक्ता–सिविल इंजी0 | सदस्य |

नोटः– 1. एन्टी रैगिंग स्क्वायड का दिवस वार गठित टीम के सभी सदस्य कार्यालय में रखे रजिस्टर पर उस दिन की पूरी रिपोर्ट अंकित कर अपने हस्ताक्षर करेगें एवं किसी घटना के घटित होने अथवा उक्त ड्यूटी के सम्बन्ध में रैगिंग मॉनीटरिंग सेल एवं प्रॉक्टर के माध्यम से विचार विमर्श कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेगें।

2. प्रत्येक दिवस 02 गार्ड स्क्वायड के साथ उनके निर्देश पर उपलब्ध रहेगें।

3. किसी दिवस पर कोई स्टाफ अवकाश अथवा अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो पाता है तो दिवस वार गठित टीम में प्रॉक्टर द्वारा किसी भी प्रवक्ता/कार्यशाला अनुदेशक को सम्मिलित किया जायेगा।

## छात्रावास औचक निरीक्षण समिति

1. श्री कुन्दन सिंह, प्रधानाचार्य।
2. श्री एम0 पी0 सिंह, प्रवक्ता/प्रभारी मैके0 इंजी0।
3. श्री सन्दीप कुमार, प्रवक्ता–इलेक्ट्रिकल इंजी0/छात्रावास अधीक्षक।
4. श्री पंकज जोशी, प्रवक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स इंजी0/प्रॉक्टर।
5. श्री पी0 एस0 कुशवाहा, प्रवक्ता मैकेनिकल इंजी0।

06.08.2022

(पंकज जोशी)
प्रॉक्टर

(कुन्दन सिंह)
प्रधानाचार्य

पृ0सं0:– एच0 पी0/2022–23/रैगिंग/114(vi) लखनऊ दिनांक :–06/08/22

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0 प्र0, कानपुर।
2. अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति।
3. सयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा (म0क्षे0), लखनऊ।
4. संस्था नोटिस बोर्ड/छात्रावास नोटिस बोर्ड (भाभा/विवेकानन्द)।
5. सम्बन्धित अध्यापकों को नोट कराने हेतु।
6. सम्बन्धित रैगिंग पत्रावली।

06.8.22

(कुन्दन सिंह)
प्रधानाचार्य

प्रधानाचार्य
[illegible]वेट पालीटेक्निक, महा[illegible]
लखनऊ-6
06.8.22